अंक 1-2, खंड 3

जनवरी-जून 2025

संयुक्त अंक

अनुनाद

हिन्दी साहित्य, समाज और संस्कृति की ऑनलाइन त्रैमासिक पत्रिका

उत्तराखंड लोक भाषा और लोक संस्कृति विशेषांक

अनुनाद

हिन्दी साहित्य, समाज और संस्कृति की ऑनलाइन त्रैमासिक पत्रिका

सम्पादक मंडल

शिरीष कुमार मौर्य (मुख्य सम्पादक)
प्रोफेसर, हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग,
कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल (उत्तराखंड)
पिन -263001
shirishkumarmourya@kunainital.ac.in

मेधा नैलवाल
अतिथि व्याख्याता, हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग,
कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल (उत्तराखंड)
पिन -263001
medhanailwal@kunainital.ac.in

संजय घिल्डियाल
प्रोफेसर, इतिहास विभाग,
कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल (उत्तराखंड)
पिन -263001
sanjayghildiyal@kunainital.ac.in

अधीर कुमार
प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, ऋषिकेश परिसर, श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय,
ऋषिकेश (उत्तराखंड)
पिन – 249201 adheerkumar@sdsuv.co.in

परामर्श मंडल

हरीशचंद्र पांडे (हिन्दी कवि)

लीलाधर मंडलोई (हिन्दी कवि)

सुबोध शुक्ल (हिन्दी आलोचक)

आशीष त्रिपाठी (हिन्दी आलोचक)

संपर्क

पता – वसुंधरा/ तीन, भगोतपुर तड़ियाल
पीरूमदारा, रामनगर, उत्तराखण्ड – 244715 दूरभाष : 9557340738
ई-मेल : medha.nailwal.anunad@gmail.com

पत्रिका में प्रकाशित रचनाओं में विचार लेखक के स्वयं के हैं। संपादक की इनसे सहमति अनिवार्य नहीं है।

अनुनाद के सितम्बर 2025 में प्रकाश्य अगले अंक के लिए रचनाएँ आमंत्रित हैं। आप कविता, कहानी, आलोचना/समीक्षा, कथेतर गद्य और समाज और संस्कृति जुड़े आलेख हमें भेज सकते हैं।

रचनाएं यूनीकोड फॉन्ट में ही प्रेषित करें।

अनुक्रम

- **कविता**

1. बा्ज कुड़िक बा्ट सुनसान छु /अनिल कार्की/ 1-11
2. हमर दयाप्त हमर जास छन /हर्ष काफर/ 11-18
3. त्यर बाट च्या रिछ्यो यो बांजक बोट / नितिन भट्ट / 18-22
4. सूंण मेरी सरम्याळी मायादार / रूचि बहुगुणा उनियाल /23-30
5. उँन कलम त नि देखी / मोहित नेगी 'मुंतज़िर'/ 30-36

- **अनुवाद**

6. राजेश जोशी, महेश पुनेठा और प्रदीप सैनी की कविताओं का अनुवाद / हर्ष काफर / 36-41
7. मथुरादत्त मठपाल की कविताओं का अनुवाद / कृष्ण चन्द्र मिश्रा/ 41-59
8. भूपेन्द्र बिष्ट की कविताओं का अनुवाद/ललित मोहन/ 60-66
9. भैंस का कट्या - विद्यासागर नौटियाल / हिमांशु विश्वकर्मा / 66-74
10. ब्राह्मणी - शंभु राणा / हिमांशु विश्वकर्मा/ 74-77

- **समाज और संस्कृति**

11. जांठि को घुङुर / **दिवा भट्ट**/ 78-82
12. भाषा बुलाण-चुलाण में ऐ जाली त बचि रौलि / **नवीन जोशी** / 82-90
13. फसक / ज्ञान पंत / 90-98
14. कमज़ोर पड़ती पहाड़ी लोकगीतों और बोलियों की थाती / **योगेश ध्यानी** / 99-102

- आवरण चित्र – **हिमांशु विश्वकर्मा**
- आवरण सज्जा- **मेधा नैलवाल**

बा्ज कुड़िक बा्ट सुनसान छु

अनित कार्की की कविताएं

पौ भरि

यॉं इ कॉं इ

धार पार

तुमरि फाम धरि छु

जेठक सैव

ह्यूण क निमैलि सुर्ज
जसि

चौमासकि घोघ जसि

यस छु यो पहाड़ आजि ले

च्येलि सौरास जाण बख्ती
कि डाड़ जस

न्योलि कि घांटि जस

तितुर कि सांकि जस

त्यर यॉं ऊण मुश्किल छु

म्यर यॉंहें जाण मुश्किल

क्वे दुसरि जा्ग

दुसरी दुनि में, नई ठौर

त्वे मिलण ऊँल जबत

मेर हुण क आदुक है
ज्यादे यॉं छुटि जाल

मैं पो भरि रै जूँल

न आपण मन क जस

न त्यर मन जस

हिन्दी अनुवाद

यहीं-कहीं

धार के पार

तुम्हारी याद ठहरी हुई
है

ग्रीष्म की शीतल छाव,

शरद की कोमल-निर्मल सूरज
जैसी

चौमास के पके गुदगुदे
मक्के जैसी

ऐसा ही है यह पहाड़ आज
भी

ससुराल जाती बेटी के
विलाप की तरह

न्योली के गीत की तरह

तीतर के कंठ की तरह

गूँजते-बसते हैं मेरे मन
में

तेरा यहाँ लौट आना
मुश्किल है

मेरा यहाँ से जाना
मुश्किल

किसी दूसरी जगह

दूसरी दुनियाँ में, या नई जगह में बसना मुश्किल

जब भी मैं तुझसे मिलने
आऊंगा

मेरा आधे से ज़्यादा
हिस्सा यही छूट जायेगा

और

तेरे लिए मैं पाव भर भी
नहीं रह जाऊँगा।

ना मेरे मन जैसा

ना तेरे मन जैसा।

थुलम* क भितर

ह्यून न्हे जाल् आब दूर
दुसर देश

घाम मातर तुमर हथकोलि जस

हल्क गरम -नरम आजि ले छु

मिठ छु तुमर हथकोलि क

म्यर हाथों दगाड़ बिलकण

मैं एक ग्वाँर

कथुवा क न्याति

एक नई जुगुत भिड्या
ह्यूँल

तुमर बिलकण महसूस करण
लिजि

टाँकि ऊँल थुलम

रतिव्याण भ्यार तार में

जब ब्याखुल सूर्ज घामकि
चद्दर समेट्ल

तब मैं तुमर बिलकण क
एहसास

समेट ल्हूँल थुलम क भितर

हिन्दी अनुवाद

यह शरद भी चला जायगा

अब दूर-दूसरे देश

लेकिन घाम तुम्हारी
गदेली पर नरम-गरम सा

अभी भी बचा है

इस मिठास का अंदाजा
तुम्हारी गदेली का

स्पर्श मेरे हाथों से
होने पर होता है।

मैं एक गँवार

कथागो की तरह

फिर कोई नई जुगुत भिड़ा
ही लूँगा

तुमसे जुड़ा, तुम्हारा छुआ

महसूस करने को

टाँक आऊँगा थुलम

अलसुबह आंगन के तार पर

जब साँझ को सूरज अपनी
चादर समेटेगा

तब मैं भी तुम्हारे होने
का एहसास

समेट लाऊँगा नरम-गरम
थुलम के भीतर।

तुमर आंगुलन लिजि

हिमालकि गंङक जस

सुनारि माछ* कणचुल जस

तुमर आंगुल

बिल्कण उनर म्यर हाथोंक
दगड़

जाणि ठस्स

म्यर कल्ज में ठसक

दिगो

म्यर हींय में फुटि पड़ो

तुमर रटन क

एक बुरुंश गुलाबि

हिन्दी अनुवाद

हिमाल के नदियों की
सुनहरी मछली सी

तुम्हारी उँगलियाँ

मिलना उन उँगलियों का
मेरे हाथों से

जिससे मेरे कलेजे में
उठती है कसक

आहा रे!

मेरे हृदय में खिल उठा
है

तुम्हें पाने की दुरूह
इच्छा का

एक गुलाबी बुराँश।

ईज और बिमारी

गोठकि कलड़ि*,

देलिक कुकुर ,

चुलेकि बिरालि

पाख्- छाजकि चड़ी

बाद्ध बटोही

कैं कें नि छोड़ सकि ईज

बिमारि कतुक आयीं कतुक
गयीं

ईज हर बार

बिमारि कें हराते रै

तड़ि में तारण

पाखुड़न में तात*

भ्यालि में प्ल्यो*

तौल* में भात

पकाते रै

सबनक है पैलि गोठक कलड़
छुटो

फिर देलिक कुकर

तै बाद चुलकि बिराली

फिर पा्ख-छाजकि चड़ी
उड़िगे

बा्ज कुड़िक बा्ट सुनसान
छु

बटोही अनजान छु

ईज कूंछि बिमार छुं

डॉक्टर बतुं आ्ब ईजा कि
उमर है ग्ये

हिन्दी अनुवाद

गोठ की कलड़ि आँगन का कुकुर

रसोई की बिल्ली

छज्जे और खिड़कियों की
चिड़िया

रास्ते का बटोही

किसी को भी नहीं, छोड़ सकती है ईजा

बीमारियां कितनी आयी, कितनी गई

ईजा हर बार

बीमारियों को हराती रही

शरीर में तारण

हाथ-पैरों में तात

कढ़ाई में प्ल्यो

तौले में भात

पकाती रही

सबसे पहले गोठ की कलड़ि
छूटी।

फिर आँगन का कुकुर

उसके बाद रसोई की बिल्ली
फिर छज्जे और खिड़कियों
की चिड़िया उड़ी गई।

बंजर घर का रास्ता अब
सुनसान है

बटोही सभी अनजान हैं

ईजा कहती है मैं बीमार
हूँ

डॉक्टर बताता है

कि अब ईजा की उम्र हो
गई।

कौतिक्यार*

कौतिक* हैरौ

तुम ले आओ

ढेड़ मूख देखौ

याँ सबै टेढ़ी रयीं

पेटाक जुग जस

सरकारक अनाड़ में बेड़ी
रयीं

याँ मैस छोड़ो

देप्त ले रिसा जस रईं

हर जाग टाँकि छन गुस्स
वाल भगवान

अवाज कॉं न्हा फुस्स छु
इंसान

याँ सब एक दुसर कें
फर्जी बतूनी

याँ सब एक दुसर है द्वि
आंगुल बाकि छन

सबै कुंभ नै भेर ऐ ग्यान

सब एक दुसर है ठुल पापि
छन

याँ सबनक गुद्दी है
ज्ञान फुटि बर्बाद हुनो

खुदै आपणी हाम

खुदै आपण तैंस देखौ

देखौ पें

अमृत काल क मृत मैस देखौ

हिन्दी अनुवाद

कौतिक चल रहा है

तुम भी आओ

यहाँ जिसका भी मुँह देखा

टेढ़ा ही पाया

पेट के जोंक सा

सरकार की आंतों में बँधा
ही पाया

आदमी छोड़ो

इस वक्त देवता भी नाराज
लग रहे हैं

हर जगह टाँक दिए गए हैं
ग़ुस्से वाले भगवान

आवाज कहीं नहीं है, फुस्स है इंसान

इधर सब एक दूजे को फर्जी
बताते हैं

इधर सब एक दूजे से दो
अंगुल अधिक जताते हैं

सभी नहा के आए हैं कुंभ
से

सब एक दूसरे से बड़े
पापी हैं

यहाँ सबके दिमागों से
फूट रहा ज्ञान बर्बाद हो रहा है

हम सब ख़ुद अपनी तारीफ़
में व्यस्त हैं

ख़ुद ही अपने गर्व में
पस्त हैं

देखो भई

इस अमृत काल का

मृत आदमी देखो।

यो देप्त अलग छु

किसनुवा

त्यर त जोग्याण रंङक
पटुक

त अदकट निशाण

कुथल जस जँघि, पजम

त्यर हाथ में त जाँठ

त्यरि तो अघिल-पछिल

रमक-झमक

त इक हत्थि ढोग

हँला त्यर इष्टक तस भनार

तस पैरण

तस नाचण त नि छी यार

सांचि बताए

किसनुवा

तू कैक छे रे?

आपण इष्टक त न्हाते

यो देस्र अलग छु

हिन्दी अनुवाद

(किशन सिंह के लिए)

किशनुवा

तेरा यह जोगी रंग का
वस्त्र

यह अधकटा निशाण

जाँघों तक फैला भारी सा
पैजामा

तेरे हाँथ में यह लाठी

तेरी यह आगे-पीछे की
रमक-झमक

तेरा यह एक हाथ से
नमस्कार करना

हैं !

तेरे ईष्ट का ऐसा स्वरूप

ऐसा पहनावा

इस तरह का नाच तो

बिल्कुल नहीं था यार।

सच्ची बताना

रे किशनुवा!

तू किसका है?

अपने ईष्ट का तो नहीं
लगता

यह देवता तो बिल्कुल अलग
है रे।

तैं जब आली

(पूर्वी कुमाउनी सौर्याली के लहजे में एक कविता)

तैं जब ले आली

आये !

मैं पक्का तेर बाट चाँल

हिमाल क ह्युं छन तक

ह्युं गल जाल जबत

मेरि कफुली तैं सोचे

मेर शरीर हैं उड़ी ग्यो
हंसप्राण

रेग्यो माट मुट्ठि भर

मै ह्युं जस गलि भेर

तेर भितर रकत जस बगि
जूँल

पगलि

माटो छ असल पदारथ

ऊस लुकै समालि भेर राखे

एक न एक दिन

तेरि माया जरुर

वापिस फरक्या भेर ल्याली

फिर प्राण उ माट में

फिर फुल्ललो

पय्याँ को फूल

फागुन आल

फिर चैत आल

भिटाऊ* न्याति फुलली तैं

लुक्कू पाल खेलली

भिड़-पाखन में

प्योली क फूल बनि भेर

यो अनकस्सो

टैम ले हौलाक जस फाटल

आहा !

हामर ले घट पानि आल

यो निमिनाक चिसो सुर्ज

बुरुंजक फूल जस

टक्क लाल रंङ में फुलल

हिन्दी अनुवाद

तुम जब भी आएगी

आना!

मैं तुम्हारी राह तकूँगा

हिमाल में बर्फ रहने तक

जब बर्फ पिघल जाएगी

मेरी प्रिये तुम सोचना

मेरे शरीर से उड़ चुका
है यह हंसप्राण

और रह गई केवल

मुट्ठी भर मिट्टी

मैं बर्फ जैसा पिघल कर

तुम्हारे भीतर रक्त की
तरह बह जाऊँगा

पगली!

मिट्टी है असल पदारथ

उसे छुपा के, सहेज कर रखना

मुझे यकीन है

एक ना एक दिन

तुम्हारा प्रेम ज़रूर

वापिस लौटा लायेगा

फिर इस मिट्टी में प्राण

फिर खिलेगा

पद्म का पुष्प

फाल्गुन आयेगा

आयेगा फिर चैत

भिटारू के तरह खिलेगी तुम

आँखमिचौली खेलेगी

दुर्गम पहाड़ों और आंगन
की दीवारों पर

प्योली का फूल बनके।

यह अजीब वक्त

गुज़र जाएगा

आहा!

हमारे घराट पर फिर पानी
होगा

यह बुझा हुआ ठंडा सूरज

बुराँश के फूल की तरह

टक्क लाल रंग में
खिलेगा।

1 भेड़ के ऊन से बना एक तरफ़ से ओढ़े जाने वाला एक तिब्बती कंबल

2. महासीर

3. गाय की बछिया

4. बल/शक्ति

5. पतली सी झोली

6. कुमाऊनी पारंपरिक ताँबे का बर्तन

7. मेलों में जाने वालों का मेला

8. सांस्कृतिक मेला

9. स्प्रिंग लिली

(कविताओं का हिन्दी अनुवाद हिमांशु विश्वकर्मा ने किया है।)

हमर दयाप्त हमर जास छन

हर्ष काफर की कविताएं

पहाड़ का मसाण

ऊ मुकूं फाटी दाड़ीम वाई चे रो छी

निसवास छी वी आंखम्

एक विश्वास छी वी आंखम्

उन बखे ले, जाण बखे ले

मिन सोचो आंगाव हालोल

ऊ जांठ टेक भे थाड़ ह रो छी

ऊ तापी घाम कु,

फिर फिर तापणों छी

उ फाटी दादिम वाई चे रो छी।।

मे उज्यां विल, चाई–निचाई कर दे

ऊ थाई में कोर्र भात खाणो छी

विक आंस छूटणा छी

भात नमकीन हुणों छी

ऊ गौर-बाछा वाई, उगेर लाग रो छी

ऊ चाई निचाई करणों छी

ऊ हर तरफ़ बे चे रो छी
हाजरी फूल बटी
पिपव बोट बटी
केमू गाड़ी भीतेर
यो भ्योव ऊ डान,
गाड़ बटी, गाड़ भाड़ बटी
गाज्यों भूड़ बटी
पिरुव टान बटी
यो मोड़ ऊ मोड़
ऊ मुकु पगलूणों छी
म्योर बरमान रिंगणों छी
मिन सोचो चाहा पी लिह्‌ू
ऊ चाहा दुकान में बैठ रो छी
चुप चाप बीड़ी फुकुणों छी
पुछड़ी तार जे
पीछाडी पड़ गोय
लोदिया मिठ्ठे में
खेरना पकोड़ी में
कैंची धाम बटी

भवाली बज्याण में
भीमताल ताल बटी
कुमाऊं द्वार जाले
फिर मुकु छोड़ दे
फिर ले, द्वाप लाग रो छी
पुठ फरूणे हिम्मत नि भय
ऊ मुकु डान काना बे चे रो छी
सेती पाई च्यालाँ कु
कसी बेग द्यु यो पहाड़
हर तरफ बे छितरी गो
आपूण हाड़ चाणों छी।
में भितेर पहाड़ चाणों छी
ऊ भडाई बाकरो बास चितुणों छी
ऊ मुकु फाटी दादिम वाई चे रो छी

हिन्दी अनुवाद

वो फटे दाड़िम की तरह मुझे देख रहा था
उसकी आंखों में बिछड़ाव का पानी था
एक विश्वास था उसकी आंख में

आते वक्त भी, जाते वक्त भी
मुझे लगा, गले लगा लेगा
मगर वो छड़ी टेके खड़ा रहा
उसके लिए नया नहीं था
वो तापे हुए घाम को
फिर फिर ताप रहा था
वो फटे दाड़िम की तरह मुझे ताक रहा था
फिर मेरी तरफ देखा अनदेखा कर दिया
वो थाली में सूखा भात खा रहा था
आंसू टपक रहे थे थाली में
भात नमकीन हो रहा था
जो गाय की तरह जुगाली कर रहा था
मेरी तरफ देखा अनदेखा कर दिया
वो हर तरफ से देख रहा था
गेंदे के फूल से
पीपल के पेड़ से
केमू की गाड़ी के भीतर
ये पहाड़ वो पहाड़
नदी में, नदी के भाड़ से

घास से, झाड़ से
पिरूल के टान से
उसने मुझे पगला दिया
मेरे सिर घूमने लगा
सोचा कि चाय पीलूं
वो चाय की दुकान पर बैठा था
चुप चाप बीड़ी पी रहा था
जैसे कोई तारा पीछे पड़ जाए
वो वैसे पीछे पड़ गया था
लोधिया की मिठाई में
खेरना की पकोड़ी में
कैंची धाम से

भवाली के बांज के जंगलों में

भीमताल के ताल से

कुमाऊं द्वार तक

फिर उसने मुझे छोड़ दिया

पर छुपकर देख रहा था

मेरी पलट कर देखने की हिम्मत नहीं हुई

वो ऊंचे पहाड़ों से मुझे ताक रहा था

पाले पोसे बच्चों को

कैसे बहाता है पहाड़

वो अपनी हड्डियां देख रहा था

मेरे भीतर का पहाड़ ढूंढ रहा था बाय

वो भुनी हुई बकरी की गंध महसूस कर रहा था

वो फटे दाड़िम की तरह मुझे देख रहा था

अरे ओ लोक बचुणी वालों

अरे ओ लोक बचुणी वालों

जागर भागनोल चाचड़ी

लोक नेहत रे

मि छीन लोक

मुकु बचाओ

खुदेड़ न्यौली नेहत

न्यौली खुदेड़ नेहत

न्यौली में खुदेड़ गाओ

खुदेड़ में न्यौली गाओ

पर पैली मुकु बचाओ

लाल निसाण कुं अघिल करो

भले पिछाड़ी करो

मगर सफ़ेद कुँ लहराओ

अरे ओ छोलियो, छलण छोड़ दियो हमकुँ

हमेंरि तलवारु मि धार छू

तुम आपुण तलवार आँफर लगाओ

मगर सबसे पैली

मुकु बचाओ

मि छिन रे लो

हिन्दी अनुवाद

अबे ओ लोक बचाने वालों

हुड़का, भगनोल, चाचड़ी
लोक नहीं है रे
मैं हूं लोक मुझे बचाओ
खुदेड़ न्यौली नहीं है
न्यौली खुदेड़ नहीं है
न्यौली में खुदेड़ गाओ
खुदेड़ में न्यौली गाओ
पर पहले मुझे बचाओ

लाल निसाण को आगे करो
भले पीछे करो
मगर सफ़ेद निसाण को लहराओ
अबे छोलियो, छलना छोड़ दो हमें
हमारी तलवारों में धार है
तुम अपनी तलवार में धार लगाओ
मगर सबसे पहले
मुझे बचाओ
मैं हूं लोक

जली हुई धूणी बटी,चिलम जलूने रै गईं

जली हुई धूणी बटी, चिलम जलूने रे गईं
धूणी–कसी जली बता, य–बात बीच रे गई
कैले ढुंग फोड़ी बता, कैले गार –तगार दे
ऊ स्वेण को आंखू मि छी,जो बखाई उजड़ गईं
भाबरे की रात छी, ऊ रात नंग रात छी
द्रोपदी बिलख पड़ी, दयाप्त चाय्यें रे पड़ी
कैले धात दे बता, कैले घात खित बता
हर तरफ चिचाट छी , सांस छुटने रे गई

य हिमाल, देवदार, आंखूं मि रची –बसी
ज़िंदगी पहाड़ छी, पहाड़ हुने रे गई
गवाव–गुसें निपट पड़ी तो, राग फिर नई बाजों

तस्करू कपाव में पहाड़–क मकुट छाजों
लूट यां, खसोट वा, हर तरफ चिरान छी
दयारी में बजयाणी में, टीटाट छी भीभट छी
गाड़ में मशीन देखि, गध्यार सहम सहम पड़ी
खरड़ खरड़, रगड़ रगड़, ऊ ताव तावे निकल पड़ी

ज़िंदगी गलत सलत सवाल पूछने रे गई
गलत सवाल कोई तो सही जवाब दियो जरा
य हिमाल, देवदार, आंखूं मि रची –बसी
ज़िंदगी पहाड़ छी, पहाड़ हुने रे गई
पेली हमुल आपू दयाप्त बड़ाई
फिर हमर द्वाप्तुल बड़ा हमुकु
हमर दयाप्त हमर जास छन
काठ खुट छन उनार, लूव कपाव छु
ऊ आपु काठ खुटुल हिटनी अरड़ पट्ट
हाव, ह्यू, तुसार में

हमर सैणीयांक कपाव लूव छू
उनर कपाव बे
ब्वाज गढ़वा नी उतरन
ऊ थाड़-थाड़े झीट घड़ी लिजी बिछे लिनी आपु
साँस

हमार दयाप्त ले , हम जस छिन
दूबाऊ-पताव , तेज़-तर्रार, निडर

सही गलत पछाड़ छु उनुकु
पर ऊ धीरे धीरे गायब हूणई
उन जाग थे ऊणई
साफ सफ़ेद नवाई धूवाई
संगमरमर दयाप्त
हमर पास आपु बहुत दयापत छी
घराक अलग
बणाक अलग
गोरू-बाँछा अलग
नौव,गाड़, गध्यार, बोट-डाव
एड़ी,काली, हरु,कवू ,कोट, काव
पे गुरु पे पे पे

गोल ज्यु,भोल ज्यु,गंगनाथ,नागमल
भैरव,चमू ,बधाण, सेम , छूरमल
हमारा दयाप्त नाखर नी करन
जे हम खानू उई खानी
जां हम जानु

वै उनी

ऊ हमुकू छितराट नी करण दिन

मगर अब कोई दूर देश बे अभे

कोई उनुकू धात लगुणों

ऊनर नाम लीहणों

ऊ अचरज में पड़ गईं

ऊ हम मुख चाणई और हम हूँ कुणई

यो के तमास छु ?

कां कां सारला मुकुँ ?

देखो ! यो मज़ाक ठीक नेहत्...

हिन्दी अनुवाद

पहले हमने हमारे देवता बनाएं

फिर हमारे देवताओं ने हमें बनाया बीबी

हमारे देवता हमारे जैसे है

लकड़ी के पांव हैं उनके

लोहे का कपाल है

वो लकड़ी के पावों से चलते हैं

सर्द हवाओं में, बर्फ में, तुषार में

हमारी औरतों का सर लोहे के हैं

उनके सर से नहीं उतरता कभी भी बोझ

वो खड़े खड़े, छाव देख

बिछा लेती हैं अपनी सांसे

हमारे देवता भी हमारे जैसे दिखते हैं

दुबले पतले, तेज़ तर्रार, निडर

सही गलत की परख है उनको

पर धीरे धीरे वो गायब हो रहे हैं

ओर उनकी जगह

साफ सुथरे नहलाएं धुलाए

संगमरमर के देवता ले रहे हैं

हमारे पास हमारे बहुत से देवता हैं

घर के अलग, वन के अलग

यहां तक कि हमारे मवेशियों के भी

नौव गाड़ गदय्यार बोट डाव

एड़ी ,काली, हरु,कवू ,कोट, काव

पे गुरु पे पे पे

ग्वे्वेल ज्यु ,भोल ज्यु ,गंगनाथ नागमल

भैरव,चमू ,बधाण, सेम, छूरमल

हमारे देवता नखरें नहीं करते मवेशियों

जो हम खाते हैं, वहीं खाते हैं।

हम जाते हैं

वो साथ आते हैं

वो हमको छितराने नहीं देते

मगर अब कोई दूर देश से आकर

उन्हें धात देता है,

उनका नाम लेता है

वो अर्चन में पड़ कर

हमारा चहरा देखते हुए, पूछते हैं

ये क्या तमाशा है??

मुझे कहां ले जाया जा रहा है अब ??।

***

कविताओं का हिन्दी अनुवाद स्वयं कवि द्वारा किया गया है।

त्यार बाट च्या रिछ्यो यो बांजक बोट

नितिन भट्ट की कविताएं

मोहनि दुरगूण

धार*

ठंडी बयाल वालि धार

उ धार पलतर छिड़ा* मलतर

दुरगूण* हूण लागिरौ

बिरालू पोथ जै मोहनि दुरगूण।

मोहनि आज पूजि रै म्यैत

ईजा पौचिं* दगड़

बाबू अंगोंछ दगड़

मामा नथ दगड़

काका रथ दगड़

आज छन बुआ, कैन्जा, जेड़्ज

सबनाक पिधाड़* ले छन दगड़

दगड़ छु सिरफ य मैतेकि संपत्ति
नहा अब उ पैलकि छोरी छलपट्टी
नहा उ ककड़ाक झील, न जौं, न तील
दगड़ छ भिन
जो जाणूसिरफ हल्द्वानिक कट सूट पीस
आज चेलीन लगूमरई एक जोरैकि चीस ।

मोहनि बाबू देखम् रयान
अब डिलीट है ग्यो असौज और चौमास
नै रै गै अब दै दूधकि आस
नै रै गै आब जातोर पिसनी ब्वारि,
नै रै गै पूत हालनि पुतारि*
नहा अब कै को पल्ट करन
नैरै गै आब धूरैकक घस्यारि।

त्यर बाट च्या रिछ्यो यो बांजक बोट
अधपुर जस है रिछ्यो गोरन गोठ
कुकुर बिराल यो बकार लागरयीं जसी
सबनाक ख्वार पड़गै चोट

कुमाउँक फाट* में पूजग्यांन चेलि त्यार हाड़
लागू जसी तू लगूछीं रोज डाड़
छुटि ग्यो पहाड़
छुटि ग्यो पहाड़
छुटि ग्यो पहाड़।

हिन्दी अनुवाद

धार
जहां ठंडी ठंडी सी हवा बह रही है
उस धार के बगल में एक झरने के ऊपर की ओर
दूर्गून हो रहा है
मोहनि नाम की लड़की का दूर्गून
बिल्ली के बच्चे जैसी प्यारी
मोहनि का दूर्गून।
मोहनि आज अपने मायके पहुंची है
अपनी माँ की पौचिं के साथ
अपने पिता के वस्त्रों के साथ

मामा की दी नथ के साथ

चाचा के दिए रथ के साथ

और साथ हैं ताई चाची मौसी

सबके दूध दही के बक्से

अगर साथ है तो आज सिर्फ इस मायके की सम्पत्ति

अब नहीं है वो पहले की चुलबुल सी नटखट लड़की

वो ककड़ी की बेल, जौं , तिल

कुछ भी साथ नहीं है

साथ है तो वो एक जीजा

जो अपने सुन्दर सूट पैंट में है

जो सभी गाव की लड़कियों को मन में एक तीस जगा रहा है

मोहनि के पिता देख रहे हैं

अब डिलीट हो चुका है आश्विन का महीना और चातुर्मास

ना अब दही और दूध पाने की आशा बाकी है

और ना ही चक्की पीसने वाली बहू बनी

ना ही धान रोपने वाली महिला

अब ना ही उसने किसी के साथ काम पालटाने

और ना ही कहीं घास काटने को जाना है

ये बाँज का पेड़ भी तेरा रास्ता देखे था

और ये गाय का गोठ तक अधूरा सा लग रहा था

ये कुत्ते बिल्ली बकरी ऐसा लग रहा था

जैसे सब परेशान से है

कुमाऊँ के द्वार पहुच चुका है चेली तेरा ये हाड़-मांस का शरीर

पर ऐसा लगता है कि जैसे

तू रोज आवाज़ दे रही हो कि

छूट गया पहाड़

छूट गया पहाड़

छूट गया पहाड़ ।

***

1. पहाड़ का एक हिस्सा

2. झरना

3. शादी के बाद पकफेरे की रस्म

4. हाथ में पहने जाने वाला आभूषण

5. दूध,दही रखने का बक्सा

6. धान रोपने वाली स्त्री

7. प्रवेश द्वार

आम्

राति ब्यान पन्यार भटि
आंग खूकलनि, धोती बेड़नि,
घाद् लगूनि आम्
पाणि च्यैड़नि गरम कर दियै,
चाहा घुटुक बणै दियै
ऑडर लगूनि आम्।
खोली देली का टुक भटी
धोती बेड़ि बीड़ी फूकि
गिज फरकूनि आम्
चाहा घड़कूनी,उस करे तस नि करे
अपण खाप जोरल
ब्वारि काम पटूनि आम् ।
दिन दोपहरी भात पकूनी
दाल घुंगरानी
खट्टा बणूनि आम्
सबनै खवै पिवै लम्पसर सिवै
अपण कारोबार
सफल बणूनि आम् ।

डाण धुराक् बांज भटि
खोल देलि टुक तक
ब्वारि का जोर पर
अपू में एक पहाड़ जोड़नि
कमर टूटि आम् ।
दिन बीती साल भ्यो, साल बीती बरस
सासू दिना ब्वारि पर
कसि नि भै तब कटक
आब ब्वारि जसि आऊंन
नै आन पर ऊ
पहाड़ वालि आम् ।

हिन्दी अनुवाद

सुबह-सुबह से पानी के धारे से

शरीर धोकर, कपड़े लगाकर
आवाज़ लगाती आमा
पानी को गरम कर देना
चाय की घूंट बना देना
ऑर्डर लगाती आमा ।

खोली घर के दरवाजे से
अपनी धोती पहने बीड़ी फूकती
मुँह मटकाती आमा
चाय पीते हुए
ऐसा करना वैसा नहीं
अपने मुँह के जोर पर
बहू का हाथ बाँटती आमा ।
दिन दोपहर में चावल पकाकर
दाल में तड़का देकर
चटनी बनाती आमा
सभी को खिला-पीला बढ़िया से सुला कर
अपना कारोबार
सफल बनाती आमा ।

पहाड़ की चोटी के बाँज से लेकर
खोली के मकान के दरवाजे तक
बहू के जोर पर
अपने में एक पहाड़ जोड़ती
कमर टूटी आमा ।
दिन बीते साल हुए साल बीत कर वर्षों

सास के दिन बहू पर
क्या नहीं हुई परेशानियां
अब बहू जैसे भी आएं
पर नहीं आ सकती है अब वो
पहाड़ वाली आमा ।

***

(कविताओं का हिन्दी अनुवाद स्वयं कवि द्वारा किया गया है।)

सूंण मेरी सरम्याळी मायादार

रूचि बहुगुणा उनियाल की कविताएं

बुढ्या ह्वैगी

पैली नी जागदी थै माँ अधरातीम

मेरा पिताजी बणौंदा था चाहा सुबेर्योंकी

दींदा था हम सब्युंक चाहा की प्याली बिछौंण्युम

काळी गौड़ी ज्यू बंधी रैंद थै चौकम

रतब्यांदी गाड़दा था पिताजी वींथैं भैर उगाड़ि मंगन

पिताजी का रैंद मैं थैं अपड़ी माँ सदानी ज्वान
ल्हगदी थै

ऊंका होण से बिंदुली-टिकुलीम सजीं माँ भौत
स्वाणि चितेंदी
थै

अब अचणचक माँ बुढ्या दिखेंण ल्हैगी

सुबेर ब्यवेणा दिख्यिऊ वै सी पैली उठ जांदी माँ

पैली स्येंदी थै ज्यू निचन्त ह्वैकी

वींकी नीन्द अब सर्र बिजाळे जांद कुई आवाज ह्वंदा
ही

जब मैत जांदु मैं

तब पिताजी की जगा माँ ह्वंदी रस्वाड़िम सुबेर्योंक

इतगा स्वाणि दिखेंण वळी माँ

अब बिगर बिंदुली-टिकुली का सबुम दिखेंण ल्हैगी
बुढ्या

हिन्दी अनुवाद

पहले नहीं जागती थी माँ आधी रात में

मेरे पिताजी बनाते थे चाय सुबह की

देते थे चाय की प्याली हम सबको बिछौने पे

काली गाय जो आँगन में बंधी रहती थी

रात खुलते ही निकालते थे पिताजी उसे बाहर
गौशाला से

पिताजी के रहते मुझे अपनी माँ सदा जवान लगती
थी

उनके रहने से बिंदी-सिंदूर में सजी माँ बहुत सुन्दर
दिखाई
देती थी

अब औचक ही माँ बूढ़ी दिखने लगी है

भोर का तारा दिखे उससे पहले ही जाग जाती है
माँ

पहले जो निश्चिंत होकर सोती थी

अब उसकी नींद तुरंत टूट जाती है कोई भी आवाज़ होते ही

जब मैं मायके जाती हूँ

तो पिताजी की जगह माँ होती है सुबह रसोई में

इतनी सुन्दर दिखने वाली माँ

अब बिना बिंदी-सिंदूर के सभी में बूढ़ी दिखने लगी है

जब ह्युं पड़दु

जब ह्यूं पड़दु तब ल्हगौंदिन कांठी जागर

अधरातिम जब सुनिंद रैंदि दुन्या स्वींणुंम

तब न्हयेंदु हिमाल झक्क सफेद ह्यूं मा

यीं ह्यूं की ही पाड़ करदु जग्वाळ सालभर

ह्यूं पड़दु तब बचौंदु पाड़ पाणी अपड़ा कंठ मा

तबी त बगदी जांदीन बारामासी गंगा जमुना

ह्यूं मा डुबिक ही त जागदिन लाल सेब की कुंगळी कल्ली

डाळी - बुटळी, पौन- पंछी

गाड-गदनी अर डांडी - कांठी

मनौंदिन भगवती

पूजदिन द्यौ-द्येबता

कि झम्म पड्‌ ह्यूं अर पाड़ की उमर बढ़ जाऊ!

हिन्दी अनुवाद

जब बर्फ गिरती है तो चोटियां गाती हैं जागर

आधी रात को जब दुनिया गहरी नींद में सपनों में डूबी रहती है

तब हिमालय करता है स्नान झक्क सफेद बर्फ में

इस बर्फ की ही करता है प्रतीक्षा पहाड़ साल भर

जब बर्फ गिरती है तो बचाता है पहाड़ अपने कंठ में पानी

तभी तो बहती जाती हैं बारामासी गंगा-यमुना

बर्फ में डूब कर ही तो जागती हैं लाल सेब की कोमल कोंपलें

पेड़-पौधे, हवा-पंछी

गाड-गदेरे, पहाड़-चोटियां

सब भगवती का ध्यान करती हैं

पूजती हैं देवी-देवता

कि ख़ूब बर्फ गिरे और पहाड़ की आयु बढ़ जाए।

वींकी खुद

हैर्याळी जम जांदी पाड़ै नस्युंम

जब वा छूंदी अपणी हाथ्युंन

कोंपळी सी फुटदिन ठंगरी डाळ्यु फर

जब वा हैंसदी मुलमुल कैरिकी

जब भट्यौंदी डांड्यु धार फर वा

तब पड़दी छपछपी पाड़ै जिकुड़ीमा

उतौळु ह्वै जांदु गौं गुठ्यार वींकी अन्वार देखणौ

अणमणी ह्वै जांदीन डांडी-कांठी

जब नी सुणेंदु वींकु खिखताट

अर जब वा हिटदी अपड़ी गुंदक्याळी खुट्युंन

तब सरमै जांदीन

नाजै बाल, गुणत्याळी ह्वै जंदिन
डोखरी-पुंगड़ी

अर जब वा नी दिखेंदी न भिंडी दिनुं तलक

बौग मार देंदिन पौन-पंछी

धारा-मंगरा बगणु छोड़ देंदान

तब ऋतु बौड़नु भूल जांदीन

तब खौळ्युं रै जांदु रे पाड़!

हिन्दी अनुवाद

पहाड़ की नसों में हरियाली जम जाती है

जब वो अपने हाथों से छू लेती है पहाड़

कोंपल सी फूटती है सूख चुके पेड़ों पर

जब वो धीमे-धीमे मुस्कुराती है

जब वो पहाड़ी धार पर मिलती है

तो पहाड़ के हृदय को सुकून मिलता है

पूरा गाँव और आँगन उसकी झलक देखने के लिए
उतावला हो जाता है

अनमनी हो जाती हैं पहाड़ की धवल चोटियां और
हरी-भरी वादियाँ

जब उसकी खिलखिलाहट सुनाई नहीं देती
और जब वो अपने सुकोमल गुदगुदे पैरों से चलती है
तो अनाज की बालियां शर्मा जाती हैं
गुणवंती हो जाते हैं खेत और क्यारियाँ
और जब वो बहुत दिनों तक दिखाई नहीं देती न
तो मौन धारण कर लेते हैं हवा-पक्षी
पानी की धाराएँ और स्रोत प्रवाह छोड़ देते हैं
ऋतुएँ लौटना भूल जाती हैं

और पहाड़ बौखलाया हुआ रह जाता है।

त्वैकुथैं ल्युंलू जलम

त्वैकुथैं ल्यूंलु जलम ये पाड़म हर बार दगड़्या
तू बणिक ऐल्यु क्वी छव्वोया का भेस
त किनारों फर रौलु हरीं घास बणिक दगड़्या
तू बणल्यु जो देबदारौ घणु बण
त लगुली बणिक त्वैसी भेंट्यौलु दगड़्या
तू बणिक ऐल्यु ज्यू क्वे खुदेड़ घीत
त मैं तेरी भौंण बणुलु दगड़्या
तू बणल्यु बाळाकु लोरी
त मैं वींकी दुधबोली बण जौलु दगड़्या
धै ल्हगैकी बथौंदु त्वैथैं
मैं त्वैकुथैं ल्यूंलु जलम ये पाड़म हर बार दगड़्या

हिन्दी अनुवाद

तेरे लिए ही जन्म लूंगी हर बार इस पहाड़ पर साथी
अगर तू किसी पानी के स्रोत के उद्गम में आएगा

तो मैं उसके किनारे उगी नर्म घास के रूप में रहूँगी
अगर तू देवदार के घने वन के रूप में जन्मेगा
तो मैं तुझसे किसी लता की तरह लिपट कर मिलूँगी साथी
अगर तू किसी मार्मिक लोकगीत की तरह रहेगा
तो मैं उस गीत की धुन बन जाऊँगी साथी
अगर तू किसी बालक के लिए लोरी का रूप धारण करेगा

तो मैं उसकी दूधबोली(माँ-भाषा) बन जाऊँगी साथी
आवाज़ लगाकर, पुकारकर बताती हूँ तुझे
मैं तेरे लिए लूंगी हर बार जन्म इस पहाड़ पर साथी।

सूंण मेरी सरम्याळी मायादार

त्वै देखिक मेरी जिकुड़ीम
फुटदिन कतगा ही छवोय्या
पराण फूलदेई मनौण्या ह्वै जांदु लठ्याळी
पट्ट ब्वोटिक तेरी खुद की अंग्वाळ
मैं पौंछि जांदु अपणा पाड़्युंम
पईंया की झक्क झुकीं डाळ्यु फर
खिल्यां फुलुन लगाई छुंई मैंमा
तेरा औंण से हैंसणु छ पईंया
ह्यूंवळी कांठ्यु कु रंग जनु तेरु गात लठ्याळी
अर तेरी गल्वड़्युंम खिल्युं हो जनु बुरांस
तेरु हिटणु यनु छ जनु कि
छळछळांदु गंगाजी कु पाणी
तेरी हंसी सूंणीक ही त खिलदी फ्योंली...,
बौड़दु चैत, फुटदन कुटमुणा
डाळ्युं फर.....
तेरी युं सुरम्याळी आँख्युं की सौं छन
बुरु न मानी
सुआपंखी स्वीणुंम अळझ्युं मेरु हिया
युं आँख्युं की मायादार छुंयुंम बिसरीगी सुध अपणी!

हिन्दी अनुवाद

सुन ओ मेरी शर्मिली प्रेमिका
तुझे देख कर मेरे हृदय में
न जाने कितने ही मीठे पानी की धाराएँ फूट पड़ती हैं
मेरा मन फूलदेई मनाने का होने लगता है

तेरी स्मृति का आलिंगन करते ही
मैं अपने पहाड़ में पहुँच जाता हूँ
पईंया के फूलों से लकदक झुकी डाल ने
मुझे बताया है कि

तेरे आने से ही खिलखिला रहे हैं पईंया के फूल

बर्फ से सफेद हुईं चोटियों के रंग जैसा तेरा बदन

और तेरे कपोलों पर जैसे बुरांश खिला हो

तेरा चलना ऐसा है

जैसे गंगाजी की छलछलाती धारा हो

तेरी हंसी सुनकर ही तो खिलती है फ्योंली

लौटता है चैत महीना, सूख चुकी डालियों
पर कोंपल फूटती हैं

तेरी इन सुरमेदार आँखों की सौगंध खाकर कहता
हूँ

बुरा न मान लेना

सुन्दर प्रेमिल सपनों में डूबा मेरा मन

तेरी इन आँखों की प्रेमिल बातों में अपनी सुधबुध
खो चुका
है।

तेरी हैंसी सूंणीक

दगड़्या तेरी हैंसी सूंणीक ही त

सुबेर हूंदी पाड़ूम

चट्ट ल्हगदु घाम हिंवाळी कांठ्युंम

तेरी हैंसी की अंग्वाळ बोटीक....

दगड़्या तेरी हैंसी सुणेंदी जब दूर धारूम

तब चखुला गीत लांदन

घेंन्दुड़ी बौड़दिन सूना पड़यां चौकूंम...

तेरी हैंसी सूंणीक

फुटदन छवय्या पाड़ूम, भेंटेंदु चैत,

बेटी_ब्वारी मेसौंदिन मैत की
खुद

सार्युंम झक्क झुकदिन

साठी की बाल.....

तेरी कांसाकी थाळी जनी

खंणखंणादी हैंसी सूंणीक ही त

बीठूं फर दाथुड़ी छंणछंणांदी

चौक नाचदु तेरी हैंसी सूंणी

लांदु थड़्या अर चौंफला....

रुमुक प्वड़्दी ही हूंदी

तेरी हैंसी से रस्वाड़ीम रस्यांण

अर जब रातिमा तू

सुनिंद स्वीणुंम रैंदी न भग्यानी

तब जोन टक्क लगैकि

हेरदु तेरी तिबारी ओजाक...

मेरी दगड़्या.....

तू हैंसणी रायी सदानी

पाड़ की जिकुड़ी धकध्यांदी राली रे!

हिन्दी अनुवाद

मेरी प्रिय साथी तेरी हंसी सुनके ही तो

पहाड़ों पर सुबह होती है

तेरी हंसी को गले लगाकर ही

धूप लगती है बर्फ से उजली चोटियों पर

मेरी साथी जब तेरी हंसी सुनाई देती है दूर पहाड़ी धार पर

तब ही तो पंछी गीत गाते हैं

गौरैया लौट आती है सूने हो चुके आँगन में

तेरी हंसी सुनकर ही

मीठे पानी के स्रोत फूट पड़ते हैं पहाड़ों पर, चैत का महीना लौट मिलता है

बहू-बेटियां मायके की याद करती हैं

खेतों में लकदक धान की बालियां झुक जाती हैं

कांसी की थाल जैसी

खनकदार हंसी सुनकर ही तो

पहाड़ी खेतों की मेढ़ों पर दरांती से बंधे घुंघरू छनछनाते
हैं

आँगन तेरी हंसी सुनकर नृत्यरत् हो जाता है

और आँगन नाचता है थड़्या और चौंफुला (लोकनृत्य)

शाम होती है तो

तेरी हंसी सुनकर ही रसोई में रौनक हो जाती है

और रात को जब तू

गहरी नींद में सुन्दर सपनों में डूबी रहती है न भाग्यवान

तब चाँद टकटकी लगाकर तेरी छत से

तुझे ही देखता रहता है

मेरी प्रिय साथी

तू हंसती रहना हमेशा

पहाड़ का हृदय धड़कता रहेगा।

****

(कविताओं का हिन्दी अनुवाद स्वयं कवि द्वारा किया गया है।)

उँन कलम त नि देखी

मोहित नेगी 'मुंतजिर' की कविताएं

वोड्डु

वोड्डु जमीन मां पढ़न

सि पैली

पड़दू दिलूँ मां

अर वै हि वोडो छाप पड़दू

जमीन पर

अर जब ज़मीन अर दिल

द्वी जगा पड़ी जांदु वोड्डु

तब वै ते हटोण व्हे जांद

मुश्किल

तब वोड्डु हट नि सकदु

बस सरकाये सकदु

अर सरकौण पर व्हनदीन

राड़

हिन्दी अनुवाद

सरहद का पत्थर

ज़मीन पर स्थापित होने से पहले

स्थापित होता है दिलों में

और बाद में पड़ती है उस की ही छाप

ज़मीन पर भी

और जब ज़मीन और दिल

दोनों जगह स्थापित हो जाताहै सरहद का पत्थर

तो उसे हटाना हो जाता है

मुश्किल

तब वो पत्थर हटाया नहीं जा सकता

वो बस खिसकाया जा सकता है

और खिसकाने पर

होती हैं लड़ाइयाँ

बिसौंण*

बिसौंण होंदिन उँ ते

जु ल्ये तै औन भारा घासा ..लाखड़ा

जु ल्ये तै औन कूड़े पठाल....बाँसा

जु ल्ये तै औन मंडवार्त का बाद साटि का कट्टा

लौंणा बाद ग्यूं ,जौ का भारा

जु अपणी पीठि मां

उठोन्दन सैरी पिर्थवि कु भार

उँका भार उठौणा ते होंदिन

बिसौंण

हिन्दी अनुवाद

बिसौंण

बिसौंण होती है उनके लिए

जो ले के आयें बोझ घास के, लकडी के

जो ले के आएं मकान की छत के लिए

स्लेटी पत्थर... बल्लियाँ

जो ले के आएं मंडाई के बाद

धान के कट्टे

कटाई के बाद गेहूँ और जौ के बोझ

जो अपनी पीठ में

उठाते हैं

सारी पृथ्वी का भार

उनके लिए होती हैं

बिसौंण

(*बिसौंण- पहाड़ी रास्तों पर बनाया गया वह स्थान जहाँ पर बोझे को कुछ समय के लिए रखकर आराम किया जाता है।)

कुलैं

नेता कुलैं छन

उ जब बढदिन त अपणी जमीन भूल जांदन

हेरदिन बस सर्ग

उँ ते जमीन पर ल्योणों बस एकी

बाटू च

कि चढ़ी ते काटी द्यो

उँ का टुख

अर गेंडी द्यो सब फांगा

ताकि उँका भ्वां भि

फल फूली सकून कि डाला

हिन्दी अनुवाद

चीड़

नेता चीड़ हैं

जो जब बढ़ते हैं

तो भूल जाते हैं

अपनी ज़मीन

देखते हैं बस आकाश

उनको ज़मीन पर लाने का

है बस एक ही रास्ता

कि कोई चढ़ कर

काट दे उनके शिखर

और हटा दे उनकी सारी

टहनियाँ

ताकि उनके नीचे भी

फल फूल सकें

कोई वृक्ष।

बिकासो घट

बिकासो घट

रिंगोंदीन नेता अर

ऑफ़िसूं मां थरप्यां अधिकारी

अर कभी कभी त

यु रिंगे देंदिन

बिकासो घट

बिना पाणिन

जब रिंगदु बिकासो घट

त वै सि अलावा नि सुणेदी

और क्वेगी आवाज़

यु घट रिंगदु त बीजां च

पर पीसदु कुछ नी।

हिन्दी अनुवाद

विकास का घराट

विकास का घराट

घुमाते हैं नेता

और ऑफिसों में

बैठे अधिकारी

और कभी कभी तो

वे घुमा देते हैं इसे

बिना पानी के

जब घूमता है

विकास का घराट

तो उसके सिवा नहीं सुनाई देती

कोई और आवाज़

ये घराट घूमता तो बहुत है

मग़र पीसता

कुछ भी नहीं

दाथड़ा

उँन कलम त नि देखी

पर उँन दाथड़ा देखिन
जैन काटिन उँन
अपणा दुख
पहाड़ो दुख
अपणी गरीबी
अपणु बिजोग

जब लुकारा छोरुं
टांकीन कांधि मां
बस्ता
तब उन सारिन
घासा भारा
मौला कंडा

जब लुकारा छोरा
रैन बैठ्यां
स्कूलों मां ,क्लासूं मां
उ रेन तब बिसौंणयूं मां ,
पल्योंणयूं मां

जब लुकुन गीणीन
अपणा छोरुं का नम्बर
त उँका ब्वे बाबुन
गीणीन
ब्यखन दां घौर आयां
गोरुं
अर एक बी गोरुं कम होण

पर
खै उँन मार
इथगा मार
कि जथया नम्बर कम औंण
पर भि नी पड़दि
सेरी दुन्या ते बस्तूं
बोझ त दिख्ये

पर नि दिखे त
उँका भारुं बोझ
जॉन पकड़ी छे कलम

उ चलिगेंन जब
छोड़ी अपणी थात
त तब संभाली
उँन
जौं ते क़लम का बदला
मिली छा दाथड़ा
मैन करिन सेरी गणना
अर जाणी

कि कलम वालूँ योगदान
दाथड़ा वालूँ सि जादा
नि च।

हिन्दी अनुवाद

उन्होंने कलम तो नहीं देखीं
पर उन्होंने दराँतियां देखीं
जिससे काटे उन्होंने अपने दुख
पहाड़ों के दुख
अपनी गरीबी
अपना दुर्भाग्य
जब दूसरों के बच्चों ने
टांके कंधों पर स्कूल के बस्ते
तब उन्होंने ढोये
घास के बोझ
गोबर की टोकरियाँ
जब दुसरों के बच्चे रहे बैठे
स्कूलों में, अपनी क्लासों में

तब वे रहे बैठे बिसौंण में
और दराँतियां पैनी करने वाली
जगहों पर
जब दूसरों ने गिने अपने बच्चों के नम्बर
तब उनके माँ बाप ने गिने
शाम को चर के घर आये हुए जानवर
और एक भी जानवर कम होने पर
पड़ी उन्हें इतनी मार
कि जितनी नम्बर कम आने पर भी

न पड़ती हो।

सारी दुनिया को दिखा
बस्तों का भार
पर उनके बोझों का नहीं कर सका
कोई आकलन
जिन्होंने पकड़ी थीं कलमें
वे चले गए जब
छोड़ कर गए अपनी भूमि
तो तब सम्भाला उन्होंने

जिन्हें क़लम के बदले
मिली थीं दराँतियां
मैंने की सभी गणनाएँ
और जाना
कि कलम वालों का योगदान
नहीं है दराँती वालों से अधिक

***

(कविताओं का हिन्दी अनुवाद स्वयं कवि द्वारा किया गया है।)

राजेश जोशी, महेश पुनेठा और प्रदीप सैनी की कविताओं का कुमाउनी अनुवाद

अनुवाद - हर्ष काफर

गुरूत्वाकर्षण

न्यूटन जेब में रख लो अपना गुरूत्वाकर्षण का
नियम
धरती का गुरूत्वाकर्षण ख़त्म हो रहा है ।

अब तो इस गोल-मटोल और ढलुआ पृथ्वी पर
किसी एक जगह पाँव टिका कर खड़े रहना भी
मुमकिन नहीं
फिसल रही है हर चीज़ अपनी जगह से
कौन कहाँ तक फिसल कर जाएगा,
किस रसातल तक जाएगी यह फिसलन
कोई नहीं कह सकता
हमारे समय का एक ही सच है
कि हर चीज़ फिसल रही है अपनी जगह से ।

पृथ्वी का गुरूत्वाकर्षण ख़त्म हो रहा है ।

फिजिक्स की पोथियो !
न्यूटन के सिद्धान्त वाले सबक की ज़रूरत नहीं बची

पृथ्वी का गुरूत्वाकर्षण ख़त्म हो रहा है ।

कभी भी फिसल जाती है राष्ट्राध्यक्ष की जबान
कब किसकी जबान फिसल जाएगी कोई नहीं
जानता
श्लोक को धकियाकर गिरा देती है फिसलकर आती
गालियाँ
गड्डमड्ड हो गए है सारे शब्द
वाक्य से फिसलकर बाहर गिर रहे हैं उनके अर्थ
ऐसी कुछ भाषा बची है हमारे पास
जिसमें कोई किसी की बात नहीं समझ पाता
संवाद सारे ख़त्म हो चुके है, स्वगत कर रहा है
नाटक का हर पात्र ।

आँखों से फिसल कर गिर चुके हैं सारे स्वप्न ।

करोड़ों वर्ष पहले ब्रह्माण्ड में घूमती हज़ारों चट्टानों
को
अपने गुरूत्वाकर्षण से समेट कर
धरती ने बनाया था जो चाँद
अपनी जगह से फिसल कर
किसी कारपोरेट के बड़े से जूते में दुबक कर बैठा है
बिल्ली के बच्चे की तरह ।

फिसलन ही फिसलन है पूरे गोलार्ध पर
और पृथ्वी का गुरूत्वाकर्षण ख़त्म हो गया है !

ओ नींद
मुझे इस भयावह स्वप्न-सत्य से बाहर आने का
रास्ता दे

कुमाउनी अनुवाद

हगोय यार न्यूटन पल-धर-क आपु गुरुत्वाकर्षण
नियम

धरती-क गुरतावकर्षण धीरे-धीरे ख़त्म हूणो रे

हर तरफ़ चिफ़्वपट्ट हगो यार

अब य गोल-मटोल दूनी में, खुट धरणी आसर नी रे
गोय

हर चीज़ दन-कीणे

को काँ जाले रड़ल के खबर नेह

माँ क़सम ! कोई के नी कै-सकन

कै पत्त, पाताल जाले छू, य चिफ़्वपन

और हमर बखत-क यई सत्य छू रे

कि हर चीज़ रड़ने आपु जागथें बटी

धरती-क गुरुत्वाकर्षण ख़त्म हूणो रे न्यूटन

कैक जबान कब फिसल जो के पत्त नेहत

क्वींड़, सौव-कठोव

याँ जाले मनसुप ले चिफ़्वणि

मतलब ! मतलबै-की रगे य दुनी

और उ मतलब ले चिफ़्वपट्ट हेगीं रे

हम्पा अब मतलबैकी भाषा बचगे

य धरतील आपु गुरुत्वाकर्षणल बड़ाई भोय
जसी इजल सैती पाई भाई नांन तीन
य चाँद ले दुबक बे
बैठ गो लालानु-क ज्वात भीतेर
बिराऊ पोथिल वाई
पल-धर कौ आपु गुरूत्वाकर्षण-क नियम
धरती गुरुत्वाकर्षण ख़त्म हूणो रे न्यूटन
ओ नीन ! आ
अब तुई मुकु य स्वैण बे भैर निकलण बाट दिखा..

पंचेश्वर

पहली बार नहीं दिखाए जा रहे हैं ये सपने
वे सपनों के सौदागर हैं
जब–जब पड़ी उन्हें जमीन की जरूरत
वे सपनों के पैकेज लेकर आ गये
तुम घर के बदले घर मांगोगे
वे हाँ कहेंगे
तुम खेत के बदले खेत मांगोगे
वे हाँ कहेंगे

तुम जंगल के बदले जंगल मांगोगे
वे हाँ कहेंगे
यहाँ तक की तुम नदी के बदले नदी
तब भी वे हाँ कहेंगे
तुमसे केवल एन ओ सी में
दस्तखत मांगेंगे
जिन्होंने जीवनभर लूटना-चूसना जाना
वे देश के लिए तुम्हें
तुम्हारे कर्त्तव्यों के बारे में बताएँगे
ध्यान रखना
यही सपने दिखाए थे उन्होंने
भाखड़ा में
रिहन्द में
टिहरी में
नर्मदा में
अब तुम्हारे पास आये हैं

रेडीमेड हैं इनके सपनों के पैकेज
एक-एक कर निकाल धर देंगे
तुम्हारे सामने

जैसे कोई कपड़े का व्यापारी थान के थान
चौंधियां जाती हैं जिन्हें देख आँखें
वे सपनों के सौदागर हैं
उन्हें खूब आता है उलझाने का हुनर
पूछ लेना
जान लेना
ख़ोज लेना
क्या हुआ उनके सपनों का
जिन्हें तुमसे पहले दिखाए गये थे सपने
जो आज भी दर-दर भटक रहे हैं
अपने सपनों की लाश लिए.

कुमाउनी अनुवाद

पैल बार ज के दिखाई जानी य स्वैण
उ स्वैणु गलदार छिन
जब-जब पड़ी उनुकू ज़मीन जरवत
उ स्वैणु पैकिज लि भे अ ग्याय
तुम घरक ब्दाव में घर मांगला
उ होई के द्याल

तुम गाड़-भीड़ा ब्दाव में गाड़-भिड़ मांगला
उ होई के द्याल
तुम धुरक ब्दाव में धुर मांगला
उ होई के द्याल
याँ जाले कि तुम गाड़ बदाव में गाड़ मांगला
उ तब ले होई के द्याल
तुम्हू केवल NOC मि दस्तख़त मांगाल
जनूल जीवन भर लूट-खसोट करी
उ देश ख़ातिर
तुमुकुँ कर्तव्य पाठ पड़ाल
ध्यान धरिया हाँ
यई स्वैण दिखाई उनुल
भाखड़ा में
रिहाँद में

टिहरी में

नर्मदा में

पे अब तुमर मुख थे उड़ई

रेडीमेट छिन उनार स्वैणु पैकेज

एक-एक करभे धर द्याल तुमार मुख थें

जसी कपड़ व्यापारी खोल द्यू

थानक थान

तुमार आँख़् फ़ाटिया रे जाल

उनकूँ भलीभा उ सौद-पत्त

उ भलीभा जाड़नी बतयूण-बातयूण

सोच लिया

पूछ लिया

जरा खोज खबर कर लिया

के हो उनार स्वेणुक

जनुकू तुमे हबे पैली दिखाई स्वैण

जो आज ले दर-दर भटकड़ीय

आपू स्वैणु डानि लि भे

स्थानीयता

आसान है करना प्रधानमंत्री की आलोचना
मुख्यमंत्री की करना उससे थोड़ा मुश्किल
विधायक की आलोचना में ख़तरा ज़रूर है
लेकिन ग्राम प्रधान के मामले में तो पिटाई होना
तय है।

अमेज़न के वर्षा वनों की चिंता करना कूल है
हिमालय के ग्लेशियरों पर बहस खड़ी करना
थोड़ा मेहनत का काम
बड़े पावर प्लांट का विरोध करना
एक्टिविज्म तो है जिसमें पैसे भी बन सकते हैं
लेकिन पास की नदी से रेत-बजरी भरते हुए
ट्रैक्टर की शिकायत जानलेवा है।

स्थानीयता के सारे संघर्ष ख़तरनाक हैं
भले ही वे कविता में हों या जीवन में।

कुमाउनी अनुवाद

भौत आसान छू प्रधानमंत्री कु न धरण

मुख्यमंत्री कु जरा मुश्किल

विधायक कु गाई दिण में खत्र तो छू

मगर ग्राम प्रधानक मामूल में

चूटान तय छू

भैर देशाक जंगलू चिंता करण होशियारी छू

हिमालय बर्बादी पे बहस थाड़ करण जरा मुश्किल

ठुल् पॉवर प्लांटक विरोध करण नान बात नी भय

मगर उमें डबल ले बड़ सकनी

आस-पासाक गाड़-गध्यारा बटी बजरी निकालते

टैक्टर-ट्रॉली शिकायत करण में जान ले जै सकें

लोकल-मुद्द हमेशा जानलेवा हुनी दोस्त

अब उ चाहे कविता में हो, या फिर आम जीवन में।

***

मथुरादत्त मठपाल की कविताओं का हिंदी अनुवाद

अनुवाद - कृष्ण चन्द्र मिश्रा

आङ् आङ् चिचैल है गो !

आङ्-आङ् चिचैल है गो !

हिकौ-हिकौ कुकैल है गो ।

मुखां-मुखां म्वडैन फोकी गे ।

पौन-पाणी सैद विखेल है गो ।।

मनखियं' पिरैन मनखी कैं लागणे ।

अपणे खून में तितेन लागणे ॥

को थोल सुबास धरी रंगे-

हर हंसि में यां खौंसेन लागणे ॥

बुकै खानेर अपणै छैल है गो ।

आड़्-आड़् चिचैल है गो ॥

कां लुकीणी आज फूलौं' बास ?

कां हराणी आज पौने' सांस ?

जुन्यालि को कुण गुमची, भलस्यो,

गगास धरी रै किलै टटास ??
धरती' पटाड्ण कदू' तेल है गो !
आड़्-आड़् चिचैल है गो ॥
रामनामी- दुप्वट मैल है गो ।
फकीरी- च्वाल कैल है गो ।
मन्दिर-मस्जिद - गुरुद्वारां में डोईन-
भगवान रंढकौर लं चनैल है गो ।
स्वरगौ' ग्वैर बज्युण कनैल है गो
आड़्o- आड़्o चिचैल है गो
को भगीरथ गंग बट्यैंला ?
को दधीचि हाड़ चड्यँला ?
मनख्यो' सितौं' सुलाड० लगुनेर-
हणुमन्तों कैं को जनमैंला ?
बखत पट्ट बांजऽ - बैल है गो ।
आड़्o-आड़्० चिचैल है गो ॥
आड़्o-आड़्० चिचैल है गो ।
हिको-हिको कुकैल है गो ।
मुखां-मुखां म्वडेन फोकी गे ।
पौन-पाणी सैद बिखेल है गो ॥

हिन्दी भावानुवाद

हर शरीर खुजलीदार हो चुका है
हर एक कलेजे में जलन फैल चुकी है
हर चेहरे पर मृत्यु कालिमा
फैल गयी है
पवन-पानी सब जहरीला हो चुका है।
आदमी आदमी की आंखों में चुभ रहा है
अपने ही खून में कड़वापन लग रहा है
किस मुंह में आज अच्छी वाणी बची रह गई-
हर हँसी में यहाँ जली मिर्च की
गंध आने लगी है।
अपनी ही परछाई भी
काटने/खाने को आ रही है,
हर शरीर खुजलीदार हो चुका है।
कहाँ छुपी आज फूलों की खुशबू ....?
कहाँ खो गयी
आज पवन से प्राणवायु ....?
चांदनी किस कोने छुप गयी, भले मानुषो!

गगास क्यों रह गयी
निराश/प्यासी..........................?

धरती का आंगन कितना तप गया है

हर शरीर खुजलीदार हो चुका है।

रामनामी दुपट्टा मैला हो चुका है

फकीरी का चोला काला हो चुका है

मन्दिर मस्जिद गुरुद्वारे में भटकने वाला

भगवान अभागा भी धुंधला हो चुका है।

स्वर्ग का रास्ता भी बंजर हो चुका है

हर शरीर खुजलीदार हो चुका है

कौन सा भागीरथ गंगा को रास्ता दिखाएगें
.........?

कौन दधीचि अपनी हड्डियाँ को
चढ़ाएंगे................?

खोयी मानवता की सीता का पता लगाने-

कौन हनुमंतों को जन्म देगा................?

वक्त बन्ध्या हो चुका है

हर शरीर खुजलीदार हो चुका है

हर शरीर खुजलीदार हो चुका है

हर एक कलेजे में जलन फैल चुकी है

हर चेहरे पर मृत्यु कालिमा

फैल गयी है

हवा - पानी ही शायद जहरीला हो चुका है॥

जभत जांलै

जभत जांलै-

तुमरि चुल्याण पाकी

चुव - सिसुणो'साग

पात-पतेलों में धरि-धरि

बाखइ भरी'

कुड़ि-कुड़ियों तक जाने रुंछी ।

जभत जांलैं-

हमर पटाङण में भरी

एक चिलम तमकौ' धूं

दस-जोड़ी नाखा' सोरों' बाटऽ

उरातार-

भ्यार छुटण देखींछी।

और जमत जांलै-

उनरि डौंकोई छां

(पन्त-गौं बटि गैर-गौं तक नी लै पुजौ)

बलघर-पलघर

देई-बांटी-खाई जैंछी।

और-

माल-भराण- डानि-डोलि कैं

अपणि कानी दीणा लिजि

मैं-लै, मैं-लै हुंछी ।

और-

भात-बरयतों में

क्वे खगी दा'क

या क्वे डोई का'क

उनरि ठाड़ि धोति पैरि

और हात मजि तस्याल लिबेर

उण देखीण जालै

जात - बिरादरी

दाव-भात में

हातै नि डौबी दीछी।

और-

रान-रनकुलियां हौव-तांङौ

उनार पेट-मुया'क-

हौवा' हथिन थामण जालै

गौक सौर ज्यु-ज्याड़ ज्यु या दयोर

चलै दींछी।

और-

निरपंखि - निरबसि

क्वे पदुलि काखी'

छौं-छड़णा' लिजी

द्वी-चार ख्वर

मुनियण हुं

औप्पै अघी जांछी।

और-

आणा-कांथों पारि मेथी

सतके गौ'क हयूना' रात

एक्कै आग' कि-एक्कै चाख' कि निमैलि में,

होइ-दिवाइयों पारि मेड़ी
अरग गौं'क ख्यलकार दिन
एक्कै खोइ'कि-एक्कै पटाढण' कि धेलि में,
थुपुड़ी ऊंछी।

ओर-
ओर-
थोलों' हंसि'र-
अंखां' आंसि में,
गोरू' गुथाण'र-
मुदौ तिथाण' में,
तौली' भात'र-
द्याप्तां' जांत में
व्वड़-स्यून-
घटी नि रुंछी।
और
जभत जालैं-
रात हुणि-
अगासै' गुरमाइ दिखैं
गौँ' बुडि आमs
गौं भरि कैं
लोक-छीद बतुनै रुछी, कि-
'चाओ धैं म्यर गेल-पोथिलो,
यो सात बैंणियां' ल

एक तीला' बीं
बानि खा, बल।'
तभत जांलैं-
म्यर पहाड़-
पहाड़ हैबेर लै
सकर गरु छी
दादी॥

हिन्दी अनुवाद

जब तलक
तुम्हारे चूल्हे में पका हुआ
साधारण सा भोजन भी
पत्तों-दोनों में रख-रखकर

मुहल्ले भर के घर-घरों तक जाता रहता था
जब तलक
हमारे आंगन में
भरी एक चिलम तंबाकू का धुआं
दस जोड़ी नासिका छिद्रों से
लगातार बाहर छुटता दिखता था

जब तलक उनकी
कठौती की छांछ
पन्त गांव से लेकर गैर गांव तक(बहुत लोगों तक) नहीं भी पहुंचे
पास-पड़ोस के घरों में दी बांटी खाई जाती थी
और
कड़ियों- बल्लियों, अर्थी- डोली को
अपना कंधा देने के लिए
'मैं भी' 'मैं भी' होती थी
और
भात बरातों में किसी अदने बिरादर के
खड़ी धोती(लंगोट) पहनकर

हाथ में तसला लेकर आने तक
जात बिरादरी
दाल भात को
हाथ नहीं लगाती थी
और
किसी गर्भवती असहाय विधवा के
गर्भस्थ शिशु के
हल का हत्था थामने लायक ।होने तलक

गांव के ससुर जेठ जी या देवर उसके खेतों में हल लगा देते थे
और
असहाय(साधनहीन) निरवंशी किसी महिला की
मृत्यु के बाद
छूत (अशौच) छुड़ाने के लिए
दो चार लोग अपना सर
मुंडवाने को
अनायास आगे आ जाते थे
और

पहेलियों कथाओं पर उलझी सारे गांव की जाड़ों
की रातें
एक ही आग
एक ही बैठक की मन्द तपन में
होली दिवाली पर लिपटे
सारे गांव की खुशी के दिन
एक ही खोली
एक ही आंगन की देहरी में
जमा हो जाते थे
होठों की हंसी आंखों के आंसुओं में

गाय के गोठ
मुर्दों के श्मसान घाट में
पतीली के भात
देव यात्रियों के समूह में
विभाजन चिन्ह और रेखाएं नहीं थी
और
जब तलक आकाश में सप्त ऋषि को दिखाकर
गांव की बुढ्ढी अम्मा
गांव भर
लीक-सीध बताती रहती थी
देखो तो मेरे बच्चों
इन सात बहिनों ने
एक तिल का दान भी बांट कर खाया था
सुनते हैं
तब तलक्
मेरा पहाड़
पहाड़ से भी
अधिक भारी था
भाई।

बस, चारै ढुङ ।

चार ढुङ ठड्यै द्याला-
दयाप्तां' थान बणि जानी ।
चार दुङ रड़यै द्याला-
पिरेतों' समसाण बणि जानी ।
दयाप्त, घत्याई-
योई मन में मनखी-

इनसान के, भगवान बणि जानी ।
योई तन में मनखी-
हैवान संतान बणि जानी ॥
हैबान-संतान
भूत- मसाण बणि जानी ।
बाट, घत्याई-
भ्यो- पखाण बणि जानी ।
मन, बज्याई-
घाट- तिथाण बणि जानी ।
तन, बुस्याई-
कनां' दिसाण बणि जानी ।
चार ढुङ ठड्यै द्याला-

याप्तां' थान बणि जानी ।
चार ढुङ रड् ये द्याला--
पिरेतों' समसाण बणि जानी ।
तब, जिन्दगी' बांसल के बणाला-
कि, मोहनें' मोहनि मुरुलि ?
कि राधिका' रङिलि पिचकारि ?
कि, गोप्यण्यों चुपिलि मथाणि ?
कि, गोपालों' पहरु जांठि ?
योई बांस आपस में घुसी-
अपणां' आग बणि जान
योई बांस बालड़ि ऐ गे
बज्युणी -बूस्युणी भाग बणि जानी
चार ढुङ ठड्यै द्याला-
व्याप्ता' थान बणि जानी।
चार ढुङ रड़यै दयाला-
पिरेतों समसाण बणि जानी ॥
बस, चार ढुंग

हिन्दी अनुवाद

चार पत्थर खड़े कर दोगे
देवताओं के थान बन जाएंगे
चार पत्थर गिरा दोगे
प्रेतों के शमशान बन जाएंगे
इसी मन में मानव
इंसान क्या भगवान बन जाते हैं

इसी तन में मानव

हैवान-शैतान बन जाते हैं

पुकारे हुए देवता भूत-मसान बन जाते हैं

घटाए हुए रास्ते पर्वत-चट्टान बन जाते हैं

बंजर मन घाट- शमशान बन जाते हैं

निर्जीव तन

कांटों के समान बन जाते हैं

तब जिंदगी के बांस से क्या बनाओगे

मोहन की बांसुरी

या

राधिका की रंगीली पिचकारी गोपियों की चुपड़ी मथानी

या

गोपालों की लाठी

आग फूकने वाली फूंकनी भी इसी की

और दुनिया फूंकने वाली अर्थी भी इसी की

यही बांस आपस में रगड़कर

अपनों के लिए आग बन जाते हैं

यही बांस बाल आने पर

बंजर निर्जीव करने वाले भाग बन जाते हैं

चार पत्थर खड़े कर दोगे

देवताओं की थान बन जाते हैं

चार पत्थर गिरा दोगे

प्रेतों के शमशान बन जाते हैं

सिर्फ चार पत्थर..........

बिकास है रौ !

हरि गौ-गाडौं' भलस्यो-

भल बिकास है रौ ।

पाणि, सभापति ज्यु के मुख देखिणौ-

गौं तौ टटास ले रौ ॥

सबु पैली यां एक इसकूल खुलौ ।

मैंल स्वचौ-

सैद, म्यर गोठी कैं ले अब ज्ञान मिलौ ।

पर, एक दिन दुलपीदा'ल बता-

यो इसकूला' मास्टरों'

छन्चर हाफ रौं,
(इतवारै' छुट्टी भइ)
सौमार साफ रौं ।
और, धरमानन्द हेड-संबु कैंतो
हफ्त में द्वी-एक दिन
और लै माफ रौं ॥
सुणण में ऐ रौ-
यो साल हमर जिला'
सर्वोत्तम अनुशासन' पुरस्कार
हमरै इसकूलक' पास ऐरौ ॥
हमरि गौं-गाड़ौ.............
जो छियो सभापति ज्यु'क-
पुराणs गौसाव,
बी में आज-भोव

खुलि रौ असपताव ।
महाराज,
सरकारि असपताव-
न डाक्टरों' कंकाब ।
न कम्पोटरों' जंजाव ।
च-घड़ि, नरराम वार्ड-बौयै
उघाड़ि द्यू- द्वार-स्वाव ।
को दिन रत्तै-
के दिन ब्याव ||
अब चौं-
ख्वर में पड़ी हो झमरताव,
या पेट में उलटी हो नाव,
या दगड़े चली हों दस्त-उखाव,
या लिजाणियै ऐ जौ काव,
नररामा' हातों´ल-
चार सुकिलि गोइयों' ऐ जां ढाव ॥
अनोपान छोटू जमदार बतं द्यु -
'महाराज, दबा गरम च्या के संग खाव॥'
झुपुलि काखि

कुरुलि दिदि थे कुणंछी, बल-
'नरराम और छोटव'ल जै
डांढरी भल भ्यास पेरौ ।'

हमरि गौ-गाड़ों.....

पै बणि हमर गौं तक सड़क ।

मोटर पुजण हैबेर पैलियै

गौं में पुजि गे भड़क |

पिं भै गय बाउ बुड़

हड़क - हड़क ।

हम द्वि नि-पिणियां ल

एक फ्यर विरोध लै करौ-

तब-

चार पिणियाँल छोड़ि नड़क ।

आठ पिणियां´ल छोड़ि कड़क ।

और, बांकि पिणीं बौंल खुरसि

दगड़े ठाड़ है गय-चड़क-चड़क ।

हम द्वीनों कैं कान-

खटखटाई गय-खड़क - खड़क ।

हमुल माफि मांगि

कौय-

है रौ यप्तो, हम द्वीनों कैंल

कसूर खास है रौ ॥

हमरि गौं-गाडौ.........'

और, महाराज अब -

छै म्हैण पैली हमर गौं में

बिजुलि -पाणि ले ऐ गई-

दगड़े - एक बट्टे ।

बिजुलि वाबोंल-

लकड़ा' पोल ठड़यै रखीं ।

पाणि वावों´ल

लुआ' नल खड्ये राखीं ।

बरसों कलबिस्टै जं जागर लगे

यो द्वी द्यप्त-

गौं-गाड़ में गड़ै राखीं ।।

और, यों द्वीयं व्याप्त-

अमुसि-दुमासै गौं में खुट-धरनी,

कभतं रामदत्त'क

और कभतै भास्कर क

पंचाङ चै बेर जासऽ औतरनी ॥

पाणी' नल कै दिन अदरात कैं चलौं,

जभत सब भितेर दिसाण में हड़ी हुनी ।

बिजुली बल्ब कै दिन धोपरि कैं जलों,

जभत सब भ्यार काम में खडी रुनी ।

सिरफ, बिजुलि-पाणी' बिल-

हर म्हैण हमर चाख'म खेड़ी रुनी ||

मैंल ग्राम-पंचैत में प्रस्ताव धरौ-

"बिजली' होल्डरों पारि-

पाणी' टोंटि कसबै दियो ।

और, पाणी' नलाँ पारि

बिजुली बल्ब लगवे दियो !

किलें कि तस करण'ल लें

जनता जनार्दन' सेवा में

फरक के खास नि पड़ौ ।

और, है सकुं कि तस करणै'ल

द्वीयै डिपार्टमेण्टों कि साख बड़ौ ।।"

बेली डुङरी पंच बतुणौ छी, बल-

म्यर वालऽ प्रस्ताव, पास हैरौ ॥

हमरि गौं-गाड़ौ'.........

हिन्दी अनुवाद

हमारे गांव इलाके का भले मनुषो

अच्छा विकास हो रखा है

पानी सभापति जी के चेहरे पर ही दिख रहा है

सारा गांव तो प्यासा है

सबसे पहले यहां एक स्कूल खुला मैंने सोचा

शायद मेरे छोरे को भी अब ज्ञान मिलेगा

पर एक दिन दिलीपदा ने बताया इस स्कूल के मास्टरों का

शनिवार हाफ(आधा) रहता है (रविवार की छुट्टी हुई)

सोमवार साफ रहता है

और

धर्मानन्द हेड साहब को तो

हफ्ते में दो एक दिन

और भी माफ रहता है।।

सुनने में आ रखा है

इस साल

हमारे जिले का सर्वोत्तम अनुशासन का पुरस्कार

हमारे स्कूल के पास

आ रखा है

हमारे ग्रामीण क्षेत्र का अच्छा विकास हो रखा है

....

जो थी सभापति जी का

पुराना गौशाला

उसमें आजकल खुल रखा है महाराज सरकारी अस्पताल

ना डॉक्टर का कंकाल

न कम्पोटरों का जंजाल

चार घड़ी नरराम वार्ड बॉय

खोल देता है दरवाजे कभी सुबह

कभी शाम

अब चाहे

सर में हो रहा हो भयंकर दर्द

या पेट में उल्टी हो रखी हो नाल या साथ ही चल रहे हो उल्टी और दस्त या

